University in News on 25 August 2024

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लविवि : पीजी की प्रवेश प्रक्रिया अंतिम चरण में

पीएचडी में प्रवेश की तैयारियां शुरू, जुटा रहे खाली सीटों का ब्योरा

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले की प्रक्रिया को पूरा कर लिया गया है। वहीं परास्नातक की प्रवेश प्रक्रिया अपने अंतिम चरण में है। यूजी-पीजी के बाद विश्वविद्यालय ने पीएचडी में भी प्रवेश को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसके लिए विभागों में पीएचडी की खाली सीटों का ब्योरा जुटाया जाने लगा है।

लखनऊ विश्वविद्यालय से पीएचडी करने के लिए हर साल हजारों की संख्या में अभ्यर्थी फॉर्म भरते हैं। ऐसे में उन्हें प्रवेश के लिए बेसब्री से इंतजार रहता है। पीएचडी में आवेदन को लेकर अभ्यर्थियों में खासा उत्साह रहता है। इससे पहले विश्वविद्यालय ने जनवरी में पीएचडी का विज्ञापन जारी किया था। तब 39 विषयों में 898 नियमित और 58 पार्टटाइम सीटों पर आवेदन मांगे गए थे। अभ्यर्थियों को उम्मीद है कि अबकी बार अच्छी संख्या में सीटों पर विज्ञापन जारी हो, इससे दाखिला पाने से चूके विद्यार्थी इस बार प्रवेश ले पाए।

ऑनलाइन पाठ्यक्रम में अब भी प्रवेश का मौका

जिन अभ्यर्थियों को लविवि के नियमित पाठ्यक्रमों में दाखिले का मौका नहीं मिल पाया है उनके लिए अब भी एक उम्मीद है। ऐसे अभ्यर्थी

लविवि के ऑनलाइन बीकॉम और एमकॉम पाठ्यक्रम के लिए आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2024-25 के अंतर्गत ऑनलाइन स्नातक और परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट lkouniv.ac.in के जरिए आवेदन किया जा सकता हैं।

बीफार्मा, बीटेक के लिए 29 से फिजिकल रिपोर्टिंग

- उत्तर प्रदेश टेक्निकल एडमिशन काउंसिलिंग (यूपीटीएसी)-2024 के माध्यम से लखनऊ विश्वविद्यालय के बीफार्मा, बीटेक, एमसीए और बीटेक या बीफार्मा लेट्रल एंट्री कोर्स में सीट आवंटन वालों के लिए फिजिकल रिपोर्टिंग की तिथि जारी कर दी है। ऐसे अभ्यर्थियों को 29 अगस्त से चार सितंबर तक विश्वविद्यालय के डीन इंजीनियरिंग संकाय में उपस्थित होना होगा। संकाय की ओर से इसकी सूचना जारी कर दी गई है।

HINDUSTAN PAGE 6

पांचवें सेमेस्टर में चुनना होगा मुख्य विषय

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक पांचवें सेमेस्टर में छात्र-छात्राओं को अपने दो मेजर में से एक मेजर विषय का चयन करना होगा। पांचवें सेमेस्टर में मेजर वन का विकल्प बाध्यकारी है। इसे आगे नहीं बदला जाएगा। इस संबंध में कुलसचिव ने सभी संकाय अध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, समन्वयक, निदेशक और प्रभारियों को निर्देश जारी किए हैं।

कुलसचिव विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि स्नातक में पहले सेमेस्टर से दो मेजर और एक माइनर विषय लेना होता है लेकिन पांचवें सेमेस्टर में तय करना होता है कि मेजर विषय क्या है। इसे लेकर काफी भ्रम था। इसलिए पांचवें सेमेस्टर में मेजर-वन के आवंटन और संशोधित पाठ्यक्रम लागू के संबंध में नोटिफिकेशन जारी किया।

एनसीसी में प्रवेश के लिए तीन को पंजीकरण

एलयू की 63 बटालियन यूपी एनसीसी आर्मी विंग में पंजीकरण की तिथि तीन सितंबर तय की है। गूगल फॉर्म भी जारी किया गया है।

एमएससी बॉटनी की कक्षा दो सितंबर से

लखनऊ। एलयू में शैक्षिक सत्र 2024-25 परास्नातक प्रवेश प्रक्रिया के तहत एमएससी बॉटनी और माइक्रोबायोलॉजी में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं की कक्षाएं अब दो सितबर से आरंभ होंगी। पहले यह तिथि 27 अगस्त तय की थी। विभागाध्यक्ष प्रो. मुन्ना सिंह ने निर्देश जारी किए हैं। समय सारिणी के अनुसार कक्षाएं शुरू होंगी।

TOI PAGE 2

Tech admission counselling on LU 2nd campus

Lucknow: The University of Lucknow has announced that candidates who have been allotted seats through the Uttar Pradesh Technical Admission Counselling (UPTAC)-2024 for admission to BTech, MCA, and BPharma courses must report to the office of the dean, faculty of engineering & technology, at the university's Second Campus in Jankipuram.

The reporting schedule will be notified by UPTAC-2024, and the link to UPTAC has been made available on the varsity's website for the convenience of students.

LU spokesperson Durgesh Srivastava said: "Candidates must submit allotment letter by UPTAC-2024 with the receipt of seat confirmation fees. For engineering, MCA, and BPharma, candidates must bring rank card/score card of JEE-2024/(CUET) (UG)-2024 or CUET (PG)-2024." TNN

HT PAGE 4

Music therapy for LU women students, staff

LUCKNOW: Come September, a six-week music therapy programme will be organised for the women students and faculty members of Lucknow University by the Institute of Women Studies (IWS).

The programme will be held in collaboration with Kashi Vidyapeeth Music Institute (KVMI) as part of a memorandum of understanding signed between both institutions earlier this year. As part of the programme a therapist from KVMI will visit the university for the sessions.

The sessions will be held weekly in two ways – tailor made and general session. "The tailor-made session will focus upon specific problems while the general session will cater to everybody wishing to be relieved of stress. The general session will also help calm participants and build concentration," said Manini Srivastava, director, IWS.

She said that the institute is also planning to sign another MoU soon, to start a programme in transcendental meditation soon.

LU spokesperson, Durgesh Srivastava said that the university will plan more such activities depending upon the response to the programme. "The response from beneficiaries will help in formulating more plans in this direction," said Srivastava. HTC